उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1431 दिनांक /Date.: 21-01-2021

।। अधिसूचना/विज्ञप्ति ।।

विषयः— वन आरक्षी फॉरेस्ट गार्ड पद हेतु पुर्नपरीक्षा का आयोजन

सभी अभ्यर्थी अवगत हैं कि दिनांक 16.02.2020 को आयोजित वन आरक्षी, पद कोड—102 भर्ती परीक्षा में नकल की घटनायें प्रकाश में आने के बाद इन मामलों की जांच पुलिस SIT द्वारा की गयी थी। आयोग द्वारा दिनांक 15 अक्टूबर, 2020 को यह सूचना दी गयी थी कि पुलिस की प्रथम जांच आख्या के अनुरूप यह परीक्षा निरस्त नहीं की जायगी व पुलिस से जांच की प्रगति प्राप्त कर इस मामले में निर्णय लिया जायगा।

पुलिस से अद्यतन जांच आख्या दिनांक 18.01.2021 को प्राप्त हुयी जिस पर आयोग की पूर्ण बैठक में विचार किया गया व यह निर्णय लिया गया कि वर्तमान में 57 नकलकर्त्ता अभ्यर्थियों में से 47 अभ्यर्थियों की पहचान हो चुकी है। यद्यपि जांच अभी जारी है तथापि विभाग को मानव संसाधन की आवश्यकता तथा परीक्षा की शुचिता बनाये रखने की दृष्टि से अवशेष 10 अभ्यर्थियों ने जिन परीक्षा केन्द्रों/शिफ्ट्स में परीक्षा दी थी वहां पर एक पुर्नपरीक्षा करा ली जाय। जिससे संदिग्ध अभ्यर्थियों के चयन का कोई अवसर न रहें।

अतः यह सूचित किया जाता है कि चिन्हित होने से बच गये 10 अभ्यर्थियों से संबंधित केन्द्रों व शिफ्ट्स का विवरण इस प्रकार है :—

S. No.	Center Code	Center Name	Unidentified Candidates Center		
			Ist Shift	IIst Shift	Total
1	1306	Saraswati Vidhya Mandir Inter College, Sector-2 Bhel, Distt-Haridwar	356	0	356
2	1314	Dr. Hariram Arya Inter College, Mayapur, Distt-Haridwar	307	0	307
3	1315	Anand Mayee Seva Sadan Municipal Mahila Inter College, Distt-Haridwar	0	256	256
4	1317	Greenway Mordern School Adarsh Naggar, Roorkee, Distt-Haridwar	0	408	408
5	1319	B.S.M. Inter College, Old Railway Road, Roorkee, Distt-Haridwar	336	338	674
6	1320	Rajkiya Inter College, Old Railway Road, Roorkee, Distt-Haridwar	312	0	312
7	1321	Arya Kanya Paathsala Inter College, Near B.T. Ganj Railway Road, Roorkee, Distt-Haridwar	314	319	633
Total			**1625**	**1321**	**2946**

उपरोक्त केन्द्रों/शिफ्ट्स में दिनांक 16.02.2020 को लिखित परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उन्हें उपरोक्त निर्णय के अनुरूप पुर्नपरीक्षा में प्रतिभाग करना अनिवार्य है, अन्यथा वे चयन प्रक्रिया से बाहर हो जायेंगे।

क्रमशः——02

पुर्नपरीक्षा दिनांक 14.02.2021 को प्रस्तावित है। परीक्षा केन्द्रों के चिन्हिकरण व अन्य व्यवस्थाओं के हो जाने पर सभी अभ्यर्थियों को अलग से सूचना प्रेषित की जायगी व यथासमय प्रवेश पत्र भी निर्गत किये जायेंगे। परीक्षा की सूचना के संबंध में कृपया आयोग की वेबसाइट को अनवरत देखते रहें।

आज्ञा से,

(संतोष बडोनी)
सचिव।
O/c

प्रतिलिपिः—

1. परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, को आवश्यक तैयारियां किये जाने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।
2. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, श्री अशोक नेगी को इस आशय से कि इस अधिसूचना को आयोग वेबसाइट में यथास्थान तथा संवाद पृष्ठ पर भी अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ प्रकाशित किया जाय।
3. गार्ड फाइल।

(संतोष बडोनी)
सचिव।
O/c